हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 जनवरी 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 गणतंत्र दिवस के अवसर पर इटारसी एसडीओपी ...



07 राम जन्मोत्सव से गूंजा पंडाल, श्रीराम के जीवन चरित्र...



### जिला प्रशासन, होमगार्ड, पुलिस विभाग के अधिकारी लगातार कर रहे मानिटरिंग

# पानी का बहाव तेज, 4 किमी की सर्चिंग के बाद भी नहीं मिला लापता युवक

15 घंटे की तलाश के बाद भी ओवरब्रिज से ट्रेक्टर ट्राली सहित गिरे तीसरे लापता युवक की तलाश नहीं हो पाई। जबकि युवक को तलाशने के लिए करीब 4 किमी तक रेस्क्यू किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बीती रात नर्मदा ब्रिज से गिरी ट्रेक्टर ट्राली से हुए हादसे में लापता युवक का पता नर्मदा 15 घंटे की सर्चिंग के बाद भी नहीं चल पाया है। जबकि इस काम में होमगार्ड की 9 से अधिक जवानों ने खर्राघाट से डोंगरवाड़ा तक सर्चिंग अभियान चलाकर युवक की तलाश की। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस और होमगार्ड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। वहीं बुदनी पुलिस भी सर्चिंग अभियान में सहयोग कर रही थी। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 9.30 बजे के आसपास तेज रफ्तार ट्रेक्टर-ट्राली ब्रिज की टूटी हुई रैलिंग के स्थान से नीचे जा गिरी थी जिसमें तीन लोग सवार थे। एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। एक अन्य गंभीर घायल है। वहीं तीसर युवक नंदकिशोर अभी भी लापता है। नर्मदा ब्रिज से 70 फीट नीचे गिरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की घटना को 20 घंटे से ज्यादा का वक्त हो गया। लेकिन अभी तक ब्रिज से नीचे गिरे तीसरे युवक का पता नहीं चल पाया है। लापता हुए व्यक्ति की दूसरे दिन रविवार को भी नर्मदा नदी में तलाश जारी है। होमगार्ड व स्थानीय गोताखोर की मदद से पुलिस मजदूर की तलाश के लिए रेस्क्यू चला रहे है।

हादसे में जान गंवाने वाले महेश ठाकुर के शव का रविवार को पोस्टमार्टम हुआ। घायल लखन सिंह चंद्रावत (30) निवासी जिला मंदसौर का भोपाल में उपचार जारी है। लापता युवक नंदकिशोर पटेल (28) निवासी जिला सीधी है। आम चर्चा है कि तीनों ही व्यक्ति खर्राघाट पर निर्माणधीन ब्रिज पर काम करते थे। लेकिन इन युवकों के काम करने की पुष्टि किसी भी अधिकारी ने नहीं की है। तीनों ही अलग-अलग जिले के निवासी है।





### पानी का बहाव तेज

होमगार्ड के गोताखोर और टीम के सदस्यों ने बताया कि ब्रिज के नीचे खर्राघाट पर पत्थरों के कारण पानी का बहाव काफी तेज है, जिसके कारण रेस्क्यू करने में भी समस्या आ रही है। शनिवार रात 12 बजे तक युवक का रेस्क्यू किया गया। जिसके बाद तलाश नहीं हो पाई तो रविवार सुबह से शाम 7 बजे तक 4 किमी के एरिया में सर्चिंग की गई है, लेकिन युवक नहीं मिल पाया है। वहीं कुछ का कहना है कि जिस स्थान पर ट्रेक्टर ट्राली गिरे हैं वहां पानी बहुत कम है? हादसे के बाद सूचना पर नर्मदापुरम और बुदनी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। नर्मदापुरम एसडीएम आशीष पांडे, डिस्टिक कमांडेंट राजेश जैन, एसडीओपी पराग सैनी, कोतवाली टीआई सौरभ पांडे आदि ने मौके पर मौजूद होकर युवक की तलाश करवाई। लेकिन युवक नहीं मिल पाया। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लापता युवक कहां काम करता था, तलाश जारी है।

### टूटी पड़ी है रैलिंग

नर्मदा ब्रिज पर हादसों को रोकने रैलिंग तो बनी है, लेकिन कई स्थानों पर इसकी हालत जर्जर है। तो कहीं बांस बल्लियों का सहारा लेकर नर्मदा ब्रिज पर रैलिंग बना रखी है। इसके अलावा रेत के डंपर से गिरने वाली रेत भी हादसों को हमेशा निमंत्रण देती है। जिससे कई मोटरसाइकिल चालक घायल हो चुके हैं। शनिवार रात हुए हादसे के बाद आनन फानन में टूटी हुई रैलिंग को सुधारने और सड़क पर पड़ी रेत को हटाने का काम किया जा रहा था। यह काम भी दिखावे के तौर पर ही नजर आया।

# 'नदी और जल संरक्षण के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा का अनुकरण करना होगा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नर्मदापुरम में भारतीय ज्ञान परंपरा में नदी और समाज विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन नदी मित्र, नर्मदापुरम ईकाई के द्वारा की गई। परिचर्चा में प्रमुख वक्ता के रूप में नदी विशेषज्ञ तथा फिजी में भारत के पूर्व सांस्कृतिक राजनायिक प्रो. ओम प्रकाश भारती ने विचार रखते हुए कहा कि किनारों को मयार्दाओं को तोड़ना नदियों का शास्त्रसम्मत आचरण है। भूगोल भी यहीं कहता है। नदियां उफनती हैं, बाढ़ लाती हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा में बाढ़ वृद्धि और समृद्धि का प्रतीक रही है। ज्ञान और धन को बाढ़ सामाजिक अपेक्षाएँ रहीं हैं। तो नदियों को बाढ़ की उपेक्षा क्यों। नदियाँ उपेक्षित हुई। नदी आधारित पशुपालन और कृषि व्यवस्था से लोग दूर होते गए। नदियों को बांधा गया। रोड तथा रेल लाइन बनाने के क्रम में नदियों का मार्ग अवरुद्ध हुआ। जिस बाढ़ के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती थी और अच्छी फसलें होती थी, अब वह विनाशकारी है। उत्तर बिहार की जीवनदायिनी नदियाँ और अच्छी वर्षा लोगों के लिए वरदान था। डॉ ओम प्रकाश भारती ने नदी, समाज व सरकार विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत की नदियां पूजनीय व देवी-देवताओं की श्रेणी में आती है। उन्होंने कहा कि राजाओं के समय में नदियां समाज की थी और अब सरकार की है. सरकार ने नदियों पर बांध बनाया, नहरे निकाले और पनबिजली घर बनाया, जिससे नदियों का प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध हुआ और नदियों को प्राकृतिक दायित्व निभाने से रोका गया। नदी व पानी तो प्रकृति से प्राप्त है और इस पर समाज का अधिकार होना चाहिये, समय में स्वच्छ जल की उपलब्धता सरकार व समाज की सबसे बड़ी चुनौती है।

सामाजिक समस्याओं के निदान का दायित्व राजतंत्र, गणतंत्र के अधिपत्य नहीं है, लेकिन समय के साथ सामाजिक दायित्व बोध घटता गया और जीवन देने वाली नदियों को उपेक्षित बना दिया गया। आज भिन्न- भिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं के माध्यम से नदियों पर इस प्रकार आघात किया गया है कि आज भारत में चार सौ से अधिक नदियां लुप्त होने के कगार पर है। साथ ही आने वाले समय में जल संकट गहरायेगा। इस अवसर पर राजेंद्रगिरी गोस्वामी, डॉ. नमन तिवारी, अनिल अग्रवाल, निर्मल शर्मा, राकेश दुबे, शास्त्री नित्य गोपाल कटारे, सुभाष यादव भारती, सोनाली साहू, दीक्षा मेहर, रिचा शर्मा, उमेश साहू उपस्थित रहे। इस ज्ञान वर्धक संगोष्ठी में प्रदर्शनकरी कला के शोधार्थी शिवकांत वर्मा, रत्नेश साहू भी उपस्थित रहे। मंच पर डॉ. भारती के साथ अटल बिहारी वाजपाई हिंदी विश्व विद्यालय ने नाट्य विभाग के प्रभारी डॉ. रविन्द्र मुंडे भी उपस्थित रहे । आयोजन की अध्यक्षता राममोहन परसाईं ने की तथा संचालन डॉ. संतोष व्यास ने किया। सभा में उपस्थित सभी आगंतुकों को आभार रत्नेश साहू ने व्यक्त किया।

### ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग आज से

**नर्मदापुरम।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत रखते हुए जिले को प्राप्त ईवीएम मशीनों की एफएलसी का कार्य जिले के तवा भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में सोमवार से शुरू किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ईव्हीएम वेयरहाउस को नियत तिथि से प्रतिदिन समय प्रातः 9 बजे से शाम 7 बजे तक (अवकाश सहित दिवसों में खोला जाकर जिले को प्राप्त ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी की कार्यवाही की जाएगी। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा आपके अधिकृत प्रतिनिधि एफएलसी कार्य के प्रथम दिवस सोमवार को समय अपरान्ह 2 बजे तथा उसके बाद निर्धारित समय व स्थान तवा भवन स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस पर प्रतिदिन वेयरहाउस खोलने, मशीनों की एफएलसी कार्य की कार्यवाही के अवलोकन एवं वेयरहाउस बंद किये जाने के समय उपस्थित होने का कष्ट करें।

### दीपक जैन बने अध्यक्ष



**नर्मदापुरम।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव बीती रात संपन्न हुए। जिसमें दीपक जैन अध्यक्ष, मनोज यादव उपाध्यक्ष, सचिव मनोज जराठे, सह सचिव क्षमा चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा व कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक दीक्षित, सीके कुरापा, दीपक सोन, सौरभ तिवारी, प्रकाश कुशवाह रहे। रविवार को चुनाव संपन्न होने के बाद अध्यक्ष ने सभी का अभिवादन किया।

# अंडर-13 के दूसरे मैच में बैतूल ने हरदा को 29 रनों से हराया

### जेएल वर्मा मेमोरियल ट्रॉफी अंडर-13 प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया रविवार को खेली जा रही जेएल वर्मा मेमोरियल ट्राफी अंडर-13 का दूसरा मैच हरदा और बैतूल के मध्य खेला गया। मैच के दूसरे दिन के खेल में बैतूल ने अपने शनिवार के स्कोर से आगे खेलते हुए 117 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए देवांशु ने 38 रन का योगदान दिया। हरदा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित गॉड ने 61 रन देकर 5 विकेट लिया तथा सूर्यांश चौहान 24 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके पश्चात 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदा टीम 116 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अमित मालवीय ने सर्वाधिक 49 रन का योगदान दिया। बैतूल की ओर से गेंदबाजी करते हुऐ गेंदबाज उबेद रजा ने 42 रन देकर 5 विकेट लिए तथा सक्षम माहाले ने 3 विकेट लिए। इस तरह बैतूल ने यह मैच 29 रनों से जीत लिया। मैच में अंपायर कि भूमिका मनीष यादव एवं विशाल शर्मा ने निभाई। स्कोरर की भूमिका धीरज पाटिल ने निभाई। प्रतियोगिता का तीसरा मैच हरदा एवं नर्मदा पुरम के मध्य कल सुबह खेला जायेगा।

# समेरिटंस स्कूल में एनसीसी लिखित परीक्षा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन रविवार को समेरिटंस विद्यालय में आयोजित हुई। परीक्षा में 11 संस्थाओं के कुल 275 केडेट्स ने भागीदारी की। परीक्षा कर्नल दिनेश कनोजिया के निर्देशन में हुई।

यह परीक्षा पहली बार नए नियमों के आधार पर हुई। परीक्षा में एनसीसी प्रभारी प्रदीप यादव और ममता चौहान का सहयोग रहा।

# विवेकानंद घाट पर जय हो समिति का 210वां स्वच्छता अभियान सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कड़कड़ाती ठंड के बीच जब हम अपने घरों में ठंड से बचने के लिए बिस्तर में दुबके रहते हैं। ऐसी भीषण ठंड के बीच युवाओं की एक टोली मां नर्मदा के तट पर सफाई अभियान चला रही होती है और मां नर्मदा पर पसरी गंदगी को साफ करने में जुट जाते हैं। नगर की जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा रविवार को विवेकानंद घाट पहुंचकर 210 वा सप्ताह पूर्ण किया। मां नर्मदा के तट पर जाहिर सी बात है हजारों भक्त आते हैं और शांति की तलाश में मां नर्मदा के तट पर पूजा पाठ करते हैं। ऐसे में युवा टीम लगातार मां नर्मदा के घाटों को स्वच्छ करने में जुटी हुई है और दूसरों को भी प्रेरणा दे रही है और कह रहे हैं कि इस स्वच्छता अभियान में हमारे साथ चलें। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित अंकित सागर, जतिन यादव, सागर पटैल, किशन सराठे, राजेंद्र यादव, संजू प्रजापति, विकास गुप्ता, राजा मालवीय, कौशिक बावरिया, सौरभ वर्मा उपस्थित रहे।

# भीलाखेड़ी पहुंचे पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल रविवार को अल्प प्रवास पर नर्मदापुरम पहुंचे। जहां पंचायत मंत्री ने ग्राम पंचायत भीलाखेड़ी पहुंचकर लोगों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सरपंच अखिलेश सिंह सोलंकी ने कहा कि पंचायत मंत्री इतने व्यस्तम समय में हमें हमारे छोटे से गांव के लिए भी कुछ समय दिया, उनका ह्रदय से धन्यवाद। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम व्यास, गोविंद सोनी, अमर सिंह सोलंकी, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,रूपेंद्र सिंह सोलंकी, राजेश व्यास,बलबीर सिंह राजपूत, फिरोज खान, अविनाश सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मददगार बनेंगे भाजपाई

# मंदिर में व्यवस्था संभालेंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में भाजपा ने कार्यकर्ताओं को राम मंदिर की व्यवस्था संभालने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम मंदिर का विधिवित उद्घाटन हो गया है। रामलला का दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। 23 जनवरी से राम दरबार को भक्तों के लिए खोल दिया गया है। बड़ी संख्या में राम भक्त उत्साहपूर्व रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नर्मदापुरम जिले से भाजपा के कार्यकर्ताओं का जत्था अयोध्या गया। नर्मदापुरम के भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या में राम मंदिर की व्यवस्था संभालेंगे। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग से दस कार्यकर्ता जत्था अयोध्या गया। उन्होंने बताया कि पहला जत्था सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश से संयोजक दिनेश तिवारी के नेतृत्व में शनिवार भाजपा कार्यलय से रवाना हुआ। दिनेश तिवारी ने बताया कि अयोध्या धाम में प्रभु राम के दरबार में हमें सेवा करने का अवसर मिला हम बहुत ही सौभाग्यशाली है।



अयोध्या जाने वाले सेवक अजय श्रीवास्तव, जितेंद्र शर्मा, ओम राय, महेंद्र नामदेव का भाजपा जिला संभागीय कार्यालय मंत्री हंस राय, जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे, लोक सभा विस्तारक संजय बरारडे, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, नमामी देवी नर्मदे प्रकोष्ठ संयोजक वंदना दुबे, सोशल मीडिया सह सयोजक राहुल ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री दुर्गेश मिश्रा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# परिक्रमावासियों को किए कंबल दान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक पहल संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी सत्या चौहान ने प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेकडो परिक्रमा वासियों एवं जरूरतमंदों को कंबल दान किए। चौहान ने बताया कि हमारे द्वारा विगत 5 वर्षो से ठंड मे कंबल दान करने का शुभ कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही हमारी संस्था एक पहल द्वारा विगत 5 वर्षों से सेठानी घाट पर प्रत्येक अमावस्या एवं पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसादी वितरण भी की जा रही है। इस अवसर पर सदस्य लवलेश शर्मा, विनय यादव, विवेक चौकसे, आयुष दुबे, अंकित बिल्लौरे प्रियांशु ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली कटौती से ग्रामीणों के हाल-बेहाल

**सारनी।** पिछले एक हफ्ते से अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता खासी परेशान चल रहे हैं।स्थिति यह निर्मित हो गई है कि आठ से 10-10 घंटे तक बिजली की कटौती हो रही है।शनिवार को सुबह 9 बजे बिजली काटी गई तो शाम 5 बजे बिजली आई रविवार को 10 बजे से बिजली गुल है शाम के 7 बजे तक बिजली नहीं आ पाई इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजली विभाग की ग्रामीण क्षेत्र की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है इसके अलावा वर्तमान परिवेश में किसानों को खेतों में पानी आपूर्ति किए जाने के लिए खेतों की बिजली की आवश्यकता पड़ रही है लेकिन बिजली विभाग के माध्यम से बिजली तो दी जा रही है लेकिन वह भी लो वोल्टेज की वजह से जिसकी वजह से किसानों को अपनी मोटर से हाथ धोना पड़ रहा है लो वोल्टेज होने की वजह से किसानों के मोटर जल रहे हैं।

### बगडोना व्यापारी संघ नर्मदापुरम आईजी को की शिकायत

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत शराब के नशे में पहुंचे एएसआई!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

गुरुवार रात को कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के वार्ड क्रमांक 23 संत रविदास कॉलोनी में निवास करने वाले 38 वर्षीय राजू शालके को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार के भाग खड़ी हुई ठोकर इतनी तेज थी कि 38 वर्षीय राजू सड़क पर मुंह के बाल गिर गया था।



जिसकी वजह से ज्यादा खून बह जाने के कारण उसकी सड़क पर ही मौत हो गई। यह घटना गुरुवार रात 9 से 10 बजे रात के आसपास की बताई जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही प्रत्यक्षदर्शियों के माध्यम से हंड्रेड डायल को सूचना दी गई,लेकिन हंड्रेड डायल में एएसआई रामबक्स कुमरे शराब के नशे में मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार देने में विफल साबित हुई। जिसकी वजह से युवक की मौत हो गई बताया जाता है कि बगडोना व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश नायर



और एएसआई के बीच में गर्मा गर्मी भी हुई। इस बीच डेढ़ घंटे से अधिक का समय बीत गया समय पर घायल युवक को उपचार नहीं मिल पाया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई है। अब सवाल यह उठता है की सारनी थाने के अंतर्गत पाथाखेड़ा चौकी में रात आठ के बाद ज्यादातर पुलिस के जवान शराब के नशे में मदहोश होकर नौकरी करते हैं। वहीं इस मामले में एसडीओपी रोशन कुमार जैन का कहान है कि,सड़क दुर्घटना के मामले में आर.के.कुमरे शराब के नशे में थे, इस वजह से उन्होंने बहस की लेकिन जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है, वहां पर कई लोग पहुंचे थे। पहली प्राथमिकता घायल को अस्पताल पहुंचाने की थी लेकिन घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय पुलिस से लड़ते रहे पुलिस का जवान शराब के नशे में था यह जांच का विषय है। शिकायत होगी तो इस मामले की जांच की जाएगी।

### आज शादी की बात होनी थी पक्की

# 1033 एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



चिखली कला टोल पर एनएचएआई एम्बुलेंस 1033 पर मेडिकल ट्रेनर के रूप में पदस्थ 32 वर्षीय युवक को नहाते समय हार्ट अटैक आ गया। घटना रविवार करीब 11 बजे की बताई जा रही है, जिससे वह वहीं गिर पड़ा।

इसके बाद स्थानीय मेडिकल स्टाफ ने उसे सीपीआर दिया और तुरंत मुलताई अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार एनएचएआई एंबुलेंस 1033 पर पदस्थ डॉक्टर कमलेश रघुवंशी ने बताया कि उनके साथ पदस्थ अरविंद पिता गुनिया कोलारे (32) को अचानक ही नहाते समय अटैक आ गया। उन्होंने बताया कि अरविंद ने नहाने से पहले उसे फोन कर बताया था, कि उसके सीने में दर्द हो रहा है। इसके बाद वे मौके पर पहुंच गए थे। अरविंद को अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन उसने कहा कि वह नहाने के बाद अस्पताल चलेगा। जिसके बाद वह जैसे ही नहाने बैठा, वैसे ही उसे अटैक आ गया और वह वहीं गिर गया। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने उसे तुरंत सीपीआर दिया और मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### शादी के लिए देखने आए थे लड़की वाले

डॉ कमलेश रघुवंशी ने बताया कि अरविंद छिंदवाड़ा जिले के उमरानाला का रहने वाला है। वह पिछले कई सालों से चिखली टोल पर एम्बुलेंस पर अपनी सेवाएं दे रहा था। अरविंद का विवाह संबंध पक्का होना था, जिसके लिए आज लड़की वाले भी उन्हें देखने आए थे। दोपहर 12 बजे वह लोग टोल पर पहुंचने वाले थे, इसके पहले ही अरविंद को अटैक आ गया। अरविंद ने सभी को यह जानकारी दी थी की लड़की वाले आ रहे हैं, इसलिए वह नहा कर अस्पताल जाएगा और वहां से आकर संबंध पक्का करने की बात कर लेगा। लेकिन उसके पहले उसकी मौत हो गई।

# मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच पांच सूत्रीय मागों का विधायक को ज्ञापन सौंपा

### समस्या के निराकरण की लंबे समय से की जा रही है मांग



**सारनी।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले रविवार को आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे को कर्मचारी मंच के जिला अध्यक्ष प्रमोद बर्डे के नेतृत्व में पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण किया जाने की मांग विधायक के समक्ष रखी है।मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के जिला अध्यक्ष प्रमोद बर्डे ने बताया लंबे समय से पांच सूत्री मागो का निराकरण किया जाने की मांग प्रदेश सरकार से की जा रही है,लेकिन सरकार अनियमित कर्मचारियों की मांगों को नजर अंदाज करते चली आ रही है।ऐसी स्थिति को देखते हुए रविवार को आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे को पाच सुत्री मांगों का ज्ञापन सौपा गया।श्री बर्डे ने बताया की सोपे गए ज्ञापन में प्रदेश की स्थाई कर्मियों को न्यायालय आदेश का लाभ देकर 2016 से एरिया सहित सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए एवं रिक्त पदों पर निर्मित किया जाए,प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वर्ष 2014 से निर्मित वेतनमान दिया जाए तथा वर्ष 2007 के बाद नियुक्ति दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कमी के रूप में विनियमित किया जाए, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक का वेतन दिया जाए एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, 3 साल से 5 साल की सेवा कर चुके अनियमित कर्मचारियों का सेवा पृथक ना किया जाए तथा ठेका प्रथा बंद की जाए,स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति होने पर 10 लाख रुपए ग्रेजुएट एवं मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की सहायता दी जाए तथा पीएफ सुविधा का भी लाभ उन्हें दिया जाना चाहिए ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रदेश भर के लाखों अनियमित कर्मचारी प्रदेश सरकार की तरफ टकटकी लगाकर अपनी समस्या का निराकरण करने की राह जो रहे है।मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के पद अधिकारियों की बातों को सुनने के बाद आमला विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने आश्वासन दिया है कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर अनियमित कर्मचारी स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी,अंशकालीन कर्मचारीयों कि मांगों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष प्रमोद बर्डे,ब्लाकध्यक्ष चंपा वर्टी,सीता नायक, विमला पवार,बरखा वंदना धुर्वे,अनिता, शोभा आनन्द अवस्थी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्र की बात हो तो हमारी प्राथमिकता देश होना चाहिए: डॉक्टर विश्वामित्र

### दिव्य श्री राम कथा भावोत्सव का सातवां दिन

**मुलताई।** जब राष्ट्र की बात आए ,देश पर संकट हो तब रिश्ते नातो से ऊपर भारत हमारा राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए । देश हमारी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए उक्त बात वैष्णवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र शरण श्रीधाम गोवर्धन मथुरा ने नागदेव मंदिर प्रांगण नेहरू वार्ड में अयोध्या में राम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रारंभ की गई दिव्य श्री राम कथा भावोत्सव में कहीं, उन्होंने बताया कि जब रावण ने अपने भाई कुंभकरण को राम से युद्ध करने का कहा तो कुंभकरण ने रावण से कहा कि तुम गलती कर रहे हो राम से बैर उचित नहीं फिर भी मैं राम से युद्ध करूंगा तुम्हारे लिए नहीं लंका के लिए देश के लिए क्योंकि राष्ट्र मेरे लिए सर्वपरी है।



राम कथा एवं हवन के सातवें दिन वैष्णवाचार्य विश्वामित्र ने रामेश्वरम मे भगवान राम द्वारा किए गए यज्ञ की विस्तार से कथा का वाचन किया उन्होंने बताया कि समुद्र पार करने के पूर्व भगवान राम ने रामेश्वरम शिवलिंग की स्थापना की और यज्ञ आचार्य के रूप में रावण को बुलाया रावण ने भगवान राम और सीता का यज्ञ पूर्ण कराया और भगवान राम एवं सीता ने रावण को प्रणाम किया और रावण ने जमान को आशीर्वाद दिया की जिस मनोरथ से यह रूद्र यज्ञ किया गया है वह सफल हो। कथा में विश्वामित्र महाराज ने रामेश्वरम के धाम के महत्व के संबंध में बताया कि जब हनुमान जी ने रामेश्वरम का मतलब भगवान राम से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह जो राम के ईश्वर है वह रामेश्वरम और जब पार्वती ने शिव से रामेश्वरम का मतलब पूछा तो उन्होंने पार्वती को बताया कि राम जिनके ईश्वर है वह रामेश्वरम। भगवान राम ने बताया कि जो रामेश्वरम के दर्शन करेगा वह मेरे लोक में जाएगा और जो रामेश्वरम में गंगाजल चढ़ाएगा वह मुक्ति पाएगा। श्री राम कथा भावोत्सव के सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का सुनने नागदेव मंदिर प्रांगण पहुंचे बड़ी श्रद्धालु जोड़ों ने हवन पूजन में भाग लिया हवन का समापन सोमवार को पूर्ण आहुति एवं भंडारा प्रसादी के साथ होगा।

# रात 2 बजे झुग्गी में जा घुसी कार, बड़ा हादसा होने से टला



**मुलताई।** प्रभात पट्टन मार्ग पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर झुग्गी में जाकर पलट गई। हादसा जल संसाधन विभाग कार्यालय के पास मोड़ पर हुआ, जिसमें कार में सवार चार लोग जो की बोर्ड निवासी थे नागपुर से आकर मुलताई होते हुए बोरदेही जा रहे थे। जग्गी वासियों ने बताया कि कार में सवार चारों युवक नशे में थे। रात 2 बजे हुई इस घटना से संपूर्ण जग्गी वास पूरी रात सदमे में रहे कार सड़क किनारे स्थित झुग्गी में जाकर पलटी। आधी रात को कार पलटने की तेज आवाज से झुग्गी के रहवासियों में हड़कंप मच गया। फिलहाल कार में सवार घायलों की जानकारी नहीं मिल पाई हैं। पूरे मामले की शिकायत मुलताई पुलिस से की गई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार यदि किसी झोपड़ी पर गिरती तो जनहानि हो सकती थी। आज रविवार सुबह जब इस हादसे की जानकारी लोगो को लगी तब मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, लोगो का कहना है की पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उक्त स्थान पर अंडे मोड़ का कोई बोर्ड लगाए जाने की मांग की है, उक्त स्थान पर आए दिन हादसे होते रहते है।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर इटारसी एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नर्मदा पुरम संभाग का इटारसी सबसे बड़ा हब सेंटर है और इस हब सेंटर पर कानून व्यवस्था बेहतर रूप से संचालित किए जाने में इटारसी एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान और लाइन ऑर्डर को बेहतर तरीके से बहाल करने में थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला सफल हुए हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के माध्यम से इटारसी एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी कुछ सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि इटारसी शहर के एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान,थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला को गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य,विवेचना व लॉ एंड ऑर्डर के लिए विषेष पुरुस्कार दैनिक कार्य किया गया।एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में डिवीजन शांति व्यवस्था सुचारू रूप से रही।एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान,थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला को यह पुरुस्कार मध्यप्रदेश के परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह द्वारा दिया गया।इस मौके पर जिला कलेक्टर,जिला पुलिस अधीक्षक एवम समस्त जिले के अधिकारी व कर्मचारी परेड ग्राउंड नर्मदापुरम में मौजूद रहे।जानकारी के मुताबिक श्री चौहान को थाना प्रभारी रहते भी कई बार इस पुरुस्कार से नवाजा जा चुका है।नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे,संभागीय अध्यक्ष



रोहित नागे,कोषाध्यक्ष राजेश दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिहानी,उपाध्यक्ष भूपेंद्र विश्वकर्मा सहित पत्रकार साथियों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी गौरव बुंदेला को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने के लिए दोनों ही अधिकारियों को बधाई दी है।
वही सारणी एसडीओपी का कारभार भी देख चुके श्री चौहान के गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें विशेष पुरस्कार दिए जाने की जानकारी यहां के सामाजिक कार्यकर्ता राजनेताओं को लगते ही उन्होंने भी उन्हें बधाई प्रेषित करने का कार्य किया है।





















झांकियां और प्रस्तुतियों से देश भक्ति का वातावरण रहा

# गण के तंत्र को सभी ने किया सलाम हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

सोहागपुर विकासखंड में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में आयोजित हुआ। जहां परेड की सलामी के बाद देशभक्ति के गीत गूंजे। 11 स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर का मुख्य कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में आयोजित हुआ जिसमे जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में लता यशवंत पटेल मौजूद रहीं। अनुविभाग के इस कार्यक्रम में परेड की सलामी जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सोहागपुर में संचालित विद्यालय सेंट पैट्रिक, सन फ्लॉवर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, विवेकानंद हायर सेकेण्डरी, ग्लोबल पब्लिक स्कूल, नर्मदांचल पब्लिक स्कूल इत्यादि स्कूलों सहित 11 स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गई जिनकी सराहना भी हुई। गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में श्रीराम चंद्र की, चंद्रायन 3, देश भक्ति की झांकियां नगरवासियों के मन में राष्ट्रीय भावना जागृत कर रहा था। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



### सोहागपुर के गणतंत्र दिवस समारोह के कार्ड में मुख्य अतिथि का नाम न होने की चर्चा

गणतंत्र दिवस समारोह सोहगापुर के कार्यक्रम में अनुविभाग कार्यालय द्वारा प्रेषित आमंत्रण कार्ड में मुख्य अतिथि का नाम ना होने की चर्चा गणतंत्र दिवस पर रही। दरअसल गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन का आमंत्रण अनुविभागीय कार्यालय द्वारा आयोजित हुआ था जिसमे मुख्य अतिथि कौन है और उनका पद क्या है, का उल्लेख ना होने से तमाम तरह की चर्चाएं क्षेत्र में रहीं। इस पर एसडीएम बृजेंद्र रावत द्वारा बताया गया कि मुख्य अतिथि का नाम ना होने से कार्यक्रम में क्या फर्क पड़ेगा? तो वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जालम सिंह पटेल ने कहा कि मेरे द्वारा भी एसडीएम बृजेंद्र रावत से लिखित में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होने का पत्र लिया गया था। अन्य प्रश्नों का जवाब उन्होंने ना देते हुए देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं दी।

### शोभापुर में माया शैलेंद्र शाह ने झंडा वंदन किया

शोभापुर के झंडा चौक और ग्राम पंचायत भवन में माया शैलेंद्र शाह ने झंडा वंदन किया। पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी मेघा उदेनिया ने झंडा फहरा कर जश्न ए आजादी मनायी। शोभापुर के स्थानीय विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया था जिसमे शोभापुर के गणमान्य नागरिकों जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष ललित पटेल, मंडल महा मंत्री शरद दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुदीप दुबे, केशव जाजू सहित अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया।




# महाविद्यालय विद्यार्थी राष्ट्रीय स्वयंसेवक पथ संचलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पिपरिया जिला स्तर पर महाविद्यालय विद्यार्थी पथ संचलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरदीप सिंह नागपाल ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में सांडिया रोड पर एग्रो सर्विस सेंटर के बैनर तले महाविद्यालय छात्रों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। जिसमें पवनकर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष के द्वारा अपने साथियों के साथ विशेष रूप से आशीष सोडांनी की उपस्थिति में पुष्पवर्षा की गई व उनके सहयोग से जगह-जगह पथ संचलन के दौरान पुष्प वर्षा के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेवक संघ के द्वारा नव चेतना स्कूल से यह पद संचलन प्रारंभ हुआ जो कि पुराना गल्ला मंडी होते हुए आर एन ए स्कूल परिसर में पद संचलन का समापन हुआ इस दौरान मितेश रघुवंशी देवी सिंह मीणा जिला सह विभाग कार्यवाहक एवं जिला शह संचालक भारत माता के साथ राष्ट्रीय भगवा ध्वज का पूजा प्रारंभ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित वक्ताओं के द्वारा उड़ान में महाविद्यालय के छात्रों को उपस्थिति को लेकर विशेष जानकारी दी गई तथा राष्ट्र को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने पर भी जोड़ दिया गया। जिला स्तर के सभी पदाधिकारी स्वयंसेवकों के साथ लगभग 150 महाविद्यालय के छात्र स्वयंसेवक के रूप में उपस्थित रहे। गाजे बाजे के साथ पथ संचलन निकाला गया।

# राम जन्मोत्सव से गूंजा पंडाल, श्रीराम के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



सिरवाड़ रोड स्थित सिलारी कॉलोनी में सूबेदार के बगीचे में श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक गौरीशंकर दुबे ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। गौरीशंकर दुबे ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं।

जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है।

# विधायक नागवंशी ने किया सीएम राइज स्कूल के कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी के अथक प्रयास से पिपरिया विधानसभा के छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा पिपरिया विधानसभा में तीन सीएम राइजस्कूल प्रदान किए गए थे। जिसमें पिपरिया पचमढ़ी एवं बनखेड़ी में स्कूल प्रदान किए गए हैं जिम पिपरिया एवं पचमढ़ी में कर लगातार जारी है बनखेड़ी में कुछ विवाद होने के कारण अभी प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिपरिया के स्कूल निर्माण को लेकर विधायक ठाकुरदास नागवंशी जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय गिरधर एवं स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे के द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें विधायक ने निर्माण कार्य को काफी बारीकी से देखा एवं कम कर रहे मजदूर ठेकेदार के प्रतिनिधि से भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने प्रचार को निर्देश दिए हैं कि स्कूल के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त होने पर उन्हें सूचना देना है किसी तरह का घटिया निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। यहीं पर विधायक को यह भी ध्यान नहीं है कि ठेकेदार के द्वारा नींव तैयार करने के दौरान ही काली मिट्टी का प्रयोग किया गया है जिसके कारण दीवाल एवं बिल्डिंग में कई जगह से क्रैक आएंगे वर्तमान से न्यू में ही मजबूती प्रदान नहीं की जा रही है। ठेकेदार के द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार कार्य किया जा रहा है वहीं पर स्कूल में बच्चों को बैठाने में काफी परेशानी हो रही है परीक्षा का समय नजदीक है बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है लेकिन ठेकेदार के द्वारा लगातार स्कूल के कमरे कच्ची बिल्डिंग के तोड़ते जा रहे हैं वहीं पर आसपास बिल्डिंग तलाश रहे हैं जिसमें कुछ समय के लिए स्कूल शिफ्ट किया जा सके लेकिन ठेकेदार के द्वारा किए जा रहे कार्य से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है जिसकी जवाबदारी किसकी रहेगी इस बात को लेकर बच्चे लगातार सवाल उठा रहे हैं। इस बात को लेकर बच्चों के पलक भी परेशान है लेकिन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर ध्यान नहीं दे रहे हैं यह नगर में बाद गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर उपनित्री या कोई ठेकेदार नजर नहीं आ रहा है जिससे की चर्चा की जा सके इस विषय में अनु प्रभागीय अधिकारी संतोष तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वह शीघ्र ही इस विषय में उच्च अधिकारियों से चर्चा करेंगे तथा कार्य शीघ्रता से कर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए जाएंगे जिससे कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



नगर में संचालित गुरुकुल स्कूल के संचालक राज राठी द्वारा वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लगभग नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के सभी छात्र-छात्राओं के बालकों ने भाग लिया नगर के नागरिक जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा शिशु से लेकर नर्सरी एवं पांचवी तक के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इसी दौरान वर्तमान में हो रही शिक्षा के व्यवसाय को लेकर भी बच्चों के द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि गुरुकुल जैसे स्कूलों से पालक अपने बच्चों को निकाल कर इंग्लिश मीडियम के बड़े-बड़े स्कूलों में डालते हैं जहां पर पढ़ाई भी कोचिंग के नाम से कराई जाती है लेकिन स्कूल के नाम पर सिर्फ डोनेशन लिया जाता है और बच्चों को संस्कार के नाम पर कुछ भी नहीं प्रदान किया जाता है। कुल मिलाकर स्कूल को व्यवसाय बना लिया है किताबों से लेकर भोजन तक टिफिन से लेकर नाश्ते तक सारी व्यवस्थाएं स्कूल के माध्यम से की जाती हैं और सभी का अलग-अलग पैसा बच्चों के बालकों से लिया जाता है इस तरह की एक बच्चों के मां के द्वारा अपने बच्चों का एडमिशन बड़े स्कूल इंग्लिश मीडियम में करने को लेकर यह नाटक प्रस्तुत किया गया।

जिससे उपस्थित लोगों के द्वारा काफी साराहागया। स्कूल के संचालक राज राठी के द्वारा भी अपने उद्बोधन में इस नाटक को लेकर बताया गया कि आजकल बच्चों के संस्कार समाप्त होती जा रहे हैं बड़े-बड़े स्कूलों में बच्चों को छोटे संस्कारवान स्कूलों से निकलकर भेज दिया जाता है और सीधे बाहर भेज दिया जाता है वहां जाकर बच्चे अपने संस्कृति अपने परिवार इस मित्र सभी को भूल जाते हैं किसके साथ किस तरह का व्यवहार करना पड़ता है यह भी भूल जाते हैं इस बात को लेकर उन्होंने काफी जोर दिया उन्होंने कहा कि आज बच्चों में जो संस्कार की कमी है उसका एकमात्र ही कारण है कि गुरुकुल जैसे छोटे-छोटे स्कूलों को लोग भूल रहे हैं और इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अपने बच्चों को भेजकर संस्कार विहीन कर रहे हैं क्योंकि वहां पर शिक्षा नहीं सिर्फ व्यवसाय किया जा रहा है अतः इस बात पर पलकों को काफी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# प्रीति ने किया इटारसी का नाम रोशन

## भारतीय सेना में पहली महिला सूबेदार बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



देश की महिलाओं के साथ ही इटारसी नगर के खिलाडिय़ों के लिए भी गौरव का क्षण है। इटारसी को यह गौरव का क्षण दिलाया है निशानेबाज प्रीति रजक ने। वह भारतीय सेना में पहली महिला सूबेदार हैं। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम के सितारे विवेक सागर ने नगर को यह गौरव दिलाया था। प्रीति 22 दिसंबर 2022 को सैन्य पुलिस कोर में सेना में शामिल हुईं। शूटिंग अनुशासन में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। अब वह गौरव का क्षण आया जब प्रीति रजक प्रमोशन पाकर भारतीय सेना में सूबेदार का पद संभालने वाली पहली महिला बन गई हैं। प्रीति रजक एक चैम्पियन ट्रैप शूटर हैं। उनके लिए भारतीय सेना ने कहा कि यह भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए गर्व का क्षण है, जब ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया है। वे अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक बेहतरीन प्रदर्शन और उदाहरण है। प्रीति ने चीन के हांगझू में आयोजित 19 वे एशियाई खेलों में ट्रैप महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। सेना ने उनके इस असाधारण प्रदर्शन के आधार पर पहली आउट ऑफ टर्न पदोन्नति से सम्मानित किया है। प्रीति वर्तमान में पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के लिए आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट में प्रशिक्षण ले रही हैं।

सदस्यता सत्यापन चुनाव में बीएमएस ने...

# दस फीसदी अधिक मत प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



आयुध निर्माणी इटारसी में सदस्यता सत्यापन चुनाव में इंटक यूनियन को 323 मत, बीएमएस यूनियन को 218 मत, रेड यूनियन को 162 मत, स्वतंत्र यूनियन को 129 मत प्राप्त हुए। सदस्यता सत्यापन चुनाव के प्रतिशत के माध्यम से संयुक्त सलाहकार परिषद के सदस्य एवं नेशनल काउंसिल के सदस्यों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। उक्त चुनाव में इंटक यूनियन को 38 प्रतिशत वोट, बीएमएस यूनियन को 26 प्रतिशत, रेड यूनियन को 19 प्रतिशत और स्वतंत्र यूनियन को 15 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। सदस्यता सत्यापन चुनाव के प्रतिशत के माध्यम से संयुक्त सलाहकार परिषद के सदस्य एवं नेशनल काउंसिल के सदस्यों की संख्या का निर्धारण किया जाता है।

सदस्यता सत्यापन चुनाव पिछली बार 2010 में हुए थे जिसमें इंटक युनियन को 30 प्रतिशत, बीएमएस यूनियन को 16 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इस प्रकार बीएमएस यूनियन ने पिछले चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में 10 प्रतिशत अधिक कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। इस उपलक्ष्य पर केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित बाजपेई, यूनियन के अध्यक्ष अतुल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र मेघवाल, महामंत्री कुलदीप चौधरी, कार्य समिति की ओर से कृष्णा शर्मा, योगेश पटेल, अनिल कुमार, जेसीएम सदस्य राजेश रोशन, सुखविंदर सिंह एवं समस्त यूनियन पदाधिकारी ने आयुध निर्माणी के समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# श्री राम महायज्ञ व विराट मानस सम्मेलन में उमड़ रहा जन सैलाब

## पवित्र हवन की सुगंधित खुशबू से ग्रामीण क्षेत्र हो रहा गुंजायमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद






समीपस्थ ग्राम उमरखेड़ी में 26 जनवरी से जारी नो कुंडी महायज्ञ में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामवासी पहुंचकर यज्ञ की ऋचाओं को सुनकर एवं यज्ञ की पवित्र हवन कीसुगंधित खुशबू से ग्रामीण क्षेत्र गूंजायमान हो रहा है। ग्राम उमरखेड़ी में पर चल रही संगीतमय श्रीराम एवं नव कुंडीय महायज्ञ में रविवार की कथा में व्यास पीठ पर बिराज मान जगत गुरु स्वामी विष्णु देवा चार्य, संत राजेंद्रदास पाठक, आचार्य प्रदूम्याचार्य ने राम विवाह और उससे सम्बंधित कई और प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कहा कि राम कथा का आनंद तभी है, जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। कहा कि सिद्ध होने की आवश्यकता नहीं है। शुद्ध होने की जरूरत है। उमारखेड़ी मैं चल रहे विराट महायज्ञ में हजारों की तरह तादात में ग्राम वासी पहुंच रहे हैं वहीं क्षेत्र के विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने भी यज्ञ स्थल पर पहुंच कर यज्ञ के दर्शन किए विराट मानस सम्मेलन में चल रही राम कथा श्रवण की।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र/0140/अ-6/2023-24

-:: **सूचना** ::-

1. श्रीमति कुलसुम बी पत्नी स्व. श्री छन्नू खाँ 2. श्री हारून खान आत्मज स्व. श्री धन्नू खाँ 3. रेशमा खान पुत्री स्व. श्री धन्नू खाँ सभी निवासी म.न- 96/1 गणेशंगज छोटी बजरिया नर्मदापुरम 4. श्रीमति यासमीन बी पति श्री फिरोज खान पुत्री स्व. श्री धन्नू खाँ निवासी पिंजरा मोहल्ला तहसील माखननगर व जिला नर्मदापुरम.................. आवेदकगण

**बनाम**

1. श्री मोहम्मद उसमान आत्मज श्री फारूख अहमद निवासी फाजिल मंजिल होशंगाबाद तहसील व जिला होशंगाबाद (नर्मदापुरम) ....................... अनावेदक

आवेदकगण श्रीमति कुलसुम बी पति स्व.श्री धन्नू खाँ व अन्य तीन निवासी गणेशगंज छोटी बजरिया नर्मदापुरम तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत नजूल शीट नं. रकबा 41 प्लाट नम्बर 34/36 नया प्लाट नम्बर 34/36/3 रकबा 5000 वर्गफुट में से क्रय शुदा रकबा 945 वर्गफुट भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21/10/1998 के आधार पर न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम के समक्ष रा.प्र.क्र/0140/अ-6/2023-24 विचाराधीन है।

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त नामांतरण संबंधी कार्यवाही में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा दिनांक 31/01/2024 तक या उसके पूर्व आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी की गई।

**नजूल अधिकारी
नर्मदापुरम**

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को 2 साल का सश्रम कारावास, 10 हजार जुर्माना

**हरदा।** विशेष न्यायालय हरदा ने गांजा तस्कर को दो साल सश्रम कारावास के साथ दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी को न्यायालय से सीधे जेल भेज दिया गया। अपर लोक अभियोजक सुखराम बामने ने बताया कि शहर कोतवाली के तत्कालीन एसआई रामप्रसाद कवरेती ने सूचना के आधार पर इंदौर रोड पर भैरव मंदिर के पास घेराबंदी की। इसके बाद जितेंद उर्फ जित्तू योगी को चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। तस्कर सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम बंदीमुहाडिया के रहने वाले है। पुलिस ने इस मामलें में करीब 31 साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। इस दौरान अभियुक्त ने भी अपने बचाव में दो साक्ष्य प्रस्तुत किए। मामले को लेकर अपर लोक अभियोजक की दलील थी कि मादक पदार्थों की तस्करी से युवाओं को नशे की धकेला जा रहा है। इससे न सिर्फ उनका बल्कि समाज का भविष्य भी अंधकार की ओर जा रहा है। मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी अधिनियम 1985 की धारा 8 सी, 20 बी 2 के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### घरेलू विवाद में महिला ने पिया जहर, उपचार जारी

**हरदा।** शुक्रवार शाम को सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम जिनवानिया में महिला ने गुस्से में कीटनाशक पी लिया। जिसे देर शाम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम जिनवानिया की रहने वाली लक्ष्मीबाई (28) साल ने घरेलू विवाद के चलते कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगड़ने के पर परिजन अपने निजी वाहन से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए है। जानकारी के अनुसार पति और पत्नी के बीच घरेलू बातों को लेकर आए दिन विवाद होता है। इसी बात को लेकर गुस्से में आकर पत्नी ने यह कदम उठा लिया। बताया जा रहा है महिला के दो बच्चे हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### पाथ कंपनी के मैनेजर पर गालियां देने का आरोप

**हरदा।** शहर के एक किसान ने नेशनल हाइवे बनानी वाली कम्पनी के मैनेजर पर गाली देने का आरोप लगाया है। किसान संजय भायरे ने बताया कि 27 जनवरी को मोबाइल पर पाथ कम्पनी के मैनेजर आरके लाड़ ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी लिखित शिकायत हरदा थाने में की गई और सम्बन्धित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संजय भायरे का कहना है कि पूर्व में भी किसानों को धमकाने के मामले में पाथ कंपनी के अधिकारी आरके लाड की शिकायत टेमागांव थाने में की गई थी, परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। किसान संजय भायरे ने बताया कि मोबाइल पर मिली धमकी के बाद उनके परिवार में भय का माहौल है। उधर मैनेजर आरके लाड़ से उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल पर कॉल किया तो उनका मोबाइल स्वीच आफ मिला।

## आगजनी की घटना में लाखों की सामग्री जलकर हुई खाक

# फायर एनओसी के बिना ही संचालित किया जा रहा था बैंक ऑफ बड़ौदा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

शहर में बिना फायर एनओसी के बैंक संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। शनिवार को एक ऐसे ही बैंक संस्थान बैंक ऑफ़ बडौदा जो शहर के बीचो-बीच में स्थित है उसमें तड़के आगजनी की घटना हो गई। बैंक में आग लगने के बाद जब धुंआ उठने लगा तो आसपास के नागरिकों ने नगरपरिषद और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी। जब तक आग बुझाई जाती तब तक बैंक की काफी सामग्री जलकर खाक हो गई। बड़ी संख्या में फाइले, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले ही बैंक के ऑडिटर एवं अन्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान बैंक में फैली हुई अस्त्र-व्यस्त व्यवस्थाओं को लेकर बैंक प्रबंधन को चेतावनी दी थी इसके बाद भी बैंक प्रबंधन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर कुबेर सिंह ने बताया कि डीबीआर से आग लगी थी। बैंक का मैनेजर ज्यादा जानकारी देने से बचता नजर आया। जली हुई सामग्री को बैंक कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे ही ढेर लगा दिया गया। बैंक में आग लगने की सूचना मिलने पर छिपाबड़ थाने की टी निकिता विल्सन भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया।

वहीं नगर परिषद खिरकिया के सीएमओ राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि नगर परिषद के माध्यम से फायर एनओसी ली जाती है बैंक खोलने के लिए यह अनिवार्य नियम होता है नगर परिषद में फायर एनओसी के लिए बैंकों द्वारा आवेदन किया जाता है जिसे नगर परिषद अनुमति के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ कार्यालय में भेज देती है खिड़कियां में किसी भी बैंक के पास फायर एनओसी नहीं है यह बात की जानकारी भी सीएमओ श्री श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

## नागपुर से कॉलेज के विद्यार्थियों को लेकर गांधीनगर जा रही थी बस

# बस से टकराई बाइक, 2 युवक की मौके पर मौत




**सोडलपुर।** इंदौर-बैतूल नागपुर नेशनल हाईवे 59 अ पर शुक्रवार रात 8:30 बजे शासकीय टोडरमल पटेल स्कूल सोडलपुर के पास बहारागांव जा रहे दो मोटरसाइकिल चालकों को बस ने रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। बस अपने साइड से ही जा रही थी लेकिन मोटरसाइकिल चालक गलत साइड से अपने घर जा रहे थे। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई है। दोनों युवक बस के सामने से अंदर भरा गए हैं और दोनों पहियों के नीचे आ गए। मोटरसाइकिल भी बस के अंदर भरा गई। दोनों युवक करीबी ग्राम बहरागांव के निवासी निकले। जिसमें धर्मेंद्र काडोले उम्र 30 वर्ष जिसकी शादी हो चुकी थी और दो बच्चे भी है। विष्णु कडोले उम्र 24 वर्ष जो सोडलपुर से अपना कार्य कर बहरागांव जा रहे थे। एच के ट्रैवल्स की बस नागपुर से कॉलेज के 42 विद्यार्थी को लेकर गांधीनगर जा रहे थी। हादसा होते ही बस के ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। वहीं विद्यार्थी भी बस से उतरकर सोडलपुर नजदीकी होटल में पहुंचे। मौके पर टिमरनी पुलिस पहुंची और बस को हटाकर दोनों युवाको को निकाला और शव वाहन से दोनों शव को टिमरनी पीएम के लिए भेजा। इस दौरान परिवार वाले भी मौके पर पहुंचे। उनके भी रो-रोकर बुरे हाल हो गए। शनिवार को पीएम कर शव परिवार वालों को सौपे गए। जिनका अंतिम संस्कार बहरा गांव में किया गया।

## डंपर को जब्त कर थाना खिरकिया में खड़ा किया

# खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और अवैध भंडारण के रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है।

जिला खनिज अधिकारी आरपी कमलेश ने बताया कि शनिवार रात को जिले के हरदा, टिमरनी और खिरकिया तहसील अन्तर्गत रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान जिला मुख्यालय के छोटी हरदा में रेत का परिवहन करते पाया गया। डम्पर के चालक से पूछताछ करने पर रेत मनोहरपुरा घाट से भरकर लाना बताया गया। चालक के पास अभिवहन पास नही होने से डम्पर मय रेत जप्त कर थाना सिविल लाइन हरदा की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अलावा टिमरनी तहसील अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और खनिज अधिकारी द्वारा बघवाड और बिच्छापुर रेत खदान का निरीक्षण रात में किया गया। जांच के दौरान ग्रामों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन नही पाया गया। इसके अलावा खिरकिया तहसील अन्तर्गत जांच के दौरान एक 12 चक्का डम्पर द्वारा बिना अभिवहन पास के रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। डम्पर को पेट्रोल पंप के पास खंडवा रोड से जप्त कर थाना खिरकिया में खड़ा किया गया।

# क्षेत्र में मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय एवं अर्ध शासकीय समस्त शाला है एवं वन विभाग, बिजली विभाग, जिला सहकारी बैंक , सभी जनों पर उत्साह के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व सीनियर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में झंडा फहराया गया। समस्त छात्रावास के छात्र भी रहे ध्वजा के उपरांत राष्ट्रीय गान एक सुर में गाया गया। समस्त ग्राम पंचायत द्वारा भी ध्वजारोहण पंचायत भवनों में किया गया। जहां पर समस्त शालाओं की छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण नगर में विशाल रैली निकालकर भारत माता, वंदे मातरम की जय कारे लगाए गए। यहां पर, गौरव विद्या निकेतन रहटगांव हाई स्कूल रहटगांव,में भी ध्वजा फहराआ जिसके उपरांत बच्चों ने अपनी संस्कृति गीत गायन एवं कविताएं सुनाई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

# मंत्री डॉ. शाह ने ध्वजा वंदन कर ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिले में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन भोपाल, गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ध्वजा वंदन किया तथा आयोजित परेड की सलामी ली। मंत्री डॉ. शाह ने परेड का निरीक्षण कलेक्टर अनूप कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र सिंह के साथ किया। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र सैनानियों को शॉल श्रीफल से स्वागत भी किया। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री का प्रदेश के नागरिकों के नाम संदेश का वाचन कर रंग बिरंगें गुब्बारे छोड़े। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर खंडवा विधायक कंचन तनवे, महापौर अमृता यादव, कलेक्टर अनूप कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद थे। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में आकर्षक परेड आयोजित की गई। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक अरविंद दांगी ने किया। परेड में सीनियर वर्ग में प्रथम पुरूस्कार एनसीसी बॉयज एस.एन. कॉलेज की टुकडी को दिया गया, जबकि द्वितीय पुरूस्कार जिला पुलिस बल के दल को तथा तृतीय पुरस्कार एसएएफ की टुकड़ी को प्रदान किया गया।

## सम्मान समारोह में पूर्व छात्र जो शासकीय सेवा में नियुक्त हुए उनका सम्मान किया

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली



सरस्वती शिशु मंदिर सिराली में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी नारायण बांके ने की। आयोजन के मुख्य वक्ता ग्राम भारती जिलाध्यक्ष आनंद सोनी, विशेष अतिथि थाना प्रभारी अमित भावसार, किरीट नागड़ा, जिपं अध्यक्ष गजेंद्र शाह, देवी सिंह नागर थे। विशेष रूप से उपस्थित रहे। भैया बहनों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता ने विद्या भारती द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया। टीआई अमित भावसार ने विचार व्यक्त करते हुए अपना अनुभव बताया और कहा कि शिशु मंदिर संस्कार देता है। सम्मान समारोह में पूर्व छात्र जो शासकीय सेवा में नियुक्त हुए उनका भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम के अभिभावक गण तथा महिला मंडल से सभी उपस्थित रहे। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य शंकर लाल पटवा द्वारा किया गया। समापन में भारत माता की आरती की गई।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने किया झंडा वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली



गणतंत्र दिवस को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस की तैयारी एवं सरकारी भवनों को 7 दिन पूर्व से ही सजा दिया गया। गांधी चौक पर नगर परिषद द्वारा सामुहिक आयोजन किया गया। जहॉं पर नगरपरिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस दौरान गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। कार्यक्रम में नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल शर्मा, तहसीलदार वीरेंद्र ऊइके, टीआई अमित भावसार सहित पार्षद उपस्थित थे। तहसीलदार वीरेंद्र ऊइके ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

# ब्रह्माकुमारी ने हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाग्योदय भवन आनंद नगर खंडवा द्वारा 75 वां स्थापना दिवस अपने सेवाकेंद्र पर अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 8 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में खंडवा विधायक कंचन तन्वे एवं लायंस क्लब खंडवा के अध्यक्ष राजीव मालवीय उपस्थित हुए, अतिथियों के स्वागत उपरांत आयोजन का शुभाराम्भ किया गया। जिसमे संस्था के भाई बहनों द्वारा देशभक्ति गीतों की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक कंचन तन्वे ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। लायंस क्लब खंडवा अध्यक्ष राजीव मालवीय ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत पर्वों की भूमि है, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस हमारे दो महान पर्व है, आज के दिन हर आयु, हर वर्ग का नागरिक अत्यंत उत्साह से भरा होता है आज के दिन भारत के संविधान की स्थापना हुई थी। जिसमे हमारे अधिकारों का वर्णन है परन्तु हमें अपने अधिकारों के साथ साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों को भी नहीं भूलना चाहिए, सेवा केंद्र संचालिका बीके शक्ति दीदी ने कहा कि वर्तमान में हमें भारत के संविधान का पालन करते हुए देश की उन्नति , खुशहाली और राम राज्य की कल्पना को साकार करने के लिए ईश्वरीय विधान अनुसार स्वयं के अवगुणों को त्यागकर, दैवीय गुणों को धारण कर उच्च आदर्शपूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन करना अत्यंत आवश्यक है। तब भारत अवश्य ही विश्वगुरु बन सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करेगा। आयोजन के अगले क्रम में सभी ने सामुहिक रूप से ध्वजारोहण और सामूहिक राष्ट्रगान किया और भारत माता की जय के जयघोषों के साथ सभी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख मीठा कराया।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने फहराया तिरंगा, परेड की सलामी ली

# हरदा जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में 75 वां गणतंत्र दिवस, समारोहपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम हरदा में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश के अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया। उन्होंने कलेक्टर ऋषि गर्ग व पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के साथ परेड की सलामी ली। मंत्री ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। उन्होंने इस दौरान रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े। कार्यक्रम के अंत में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेड़िया, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, वन मण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, एडीएम डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पार्षदगण सहित विभिन्न अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक सेवा ई गवर्नेंस के तहत हरदम हरदा वाट्सएप चेट बोट सुविधा से संबंधित झांकी प्रदर्शित की गई। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग, पशुपालन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग की एक जिला एक उत्पाद के तहत बांस से बने उत्पादों की झांकी तैयार की गई। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन पर केन्द्रित झांकी, जिला निर्वाचन कार्यालय, कृषि विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के 'दीदी कैफे' विषय पर झांकी प्रदर्शित की गई।

गणतंत्र दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रस्तुतियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेंट मेरी स्कूल हरदा, विजन इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनफ्लावर स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, महात्मा गांधी हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्रस्तुत परेड में होलीफेथ स्कूल के बैण्ड के विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।